# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्तशासी संस्था)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

(An autonomous Organization under Ministry of Education, Govt. of India)


17-3/2026(प्र/वि)/मसारावेविप्र/2049 दिनांक 25-06-2026

## NOTICE / सूचना

**अध्यापन-अधिगम प्रणाली में सुधार एवं प्रत्येक तीन माह में मध्य-सत्रीय परीक्षाओं का आयोजन करने संबंधी**

Regarding the Improvement in Teaching-Learning System and organizing Mid-Sessional Examinations every three months.

यह प्रायः देखने में आता है कि छात्र कुछ समय का अवकाश लेकर अपने गृह स्थान पर जाने के पश्चात पुनः अध्ययन हेतु पाठशाला अथवा गुरु शिष्य परंपरा इकाई में उपस्थित होने पर पूर्व में अध्ययन की गई विषयवस्तु विस्मृत कर देते हैं। फलस्वरूप उनकी शैक्षणिक प्रगति एवं परीक्षा परिणाम प्रतिकूल रूप से प्रभावित होते हैं तथा यह स्थिति उनकी परीक्षाओं में अनुपस्थिति का कारण भी बनती है। /Often it is observed that, Students after taking short leave and visiting their home towns tend to forget the subject matter which they previously studied upon returning to the Veda Pathashala & Guru Shishya Parampara Units. Consequently their academic progress & Exam result adversely affected and this situation also leads to absence in their examinations.

उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता में अभिवृद्धि, अध्ययन-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने एवं छात्रों के सतत् शैक्षणिक मूल्यांकन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान से संबद्ध समस्त अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परंपरा इकाइयों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 से नियमित रूप से मध्य सत्रीय परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा।/ In view of these circumstances and with the objective to enhance the academic quality of students, to make the teaching-learning system more effective and to ensure the continuous academic evaluation of the students, all aided Veda Pathashala & Guru Shishya Parampara Units affiliated to MSRVVP, Ujjain, are hereby informed that regular mid-term examination will be conducted from the academic year 2026-27.

तदनुसार वेद विषय एवं आधुनिक विषयों की मध्य सत्रीय परीक्षाएँ अगस्त, अक्टूबर एवं दिसंबर 2026 में आयोजित की जाएँगी। इस मध्य सत्रीय परीक्षा में वेद भूषण प्रथम वर्ष के छात्रों को केवल अक्टूबर एवं दिसंबर की परीक्षाओं में ही सम्मिलित किया जाएगा । यह परीक्षा **वेद भूषण द्वितीय वर्ष से वेद विभूषण द्वितीय वर्ष** तक के छात्रों हेतु आयोजित की जाएंगी।/ Accordingly the mid-term examination for Veda and Modern Subjects will be conducted in the Months of August, October and December 2026. Students of Veda Bhushan First Year shall be included only in the mid-term examinations of October and December. These examination will be organized for the students from Veda Bhushan Second **Year to Veda Vibhushan Second Year.**

प्रथम मध्य-सत्रीय परीक्षा के आयोजन की संभावित अवधि **दिनांक 18 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026** निर्धारित की जाती है।/The Tentative duration for the commencement of the First Mid-Term Examination is scheduled from **18 August 2026 to 22 August 2026.**

**प्रथम मध्य सत्रीय परीक्षा का विषय-वार विस्तृत पाठ्यक्रम/Subject-wise detailed syllabus for the First Mid-Term Examination-**

1. **वेद/Veda -**

   कण्ठस्थीकरण/Memorization, सस्वरसंचालन/Recitation एवं उच्चारण/Pronunciation

   पाठ्यक्रम के प्रारंभिक 02 माह पर आधारित श्रवण परीक्षा/ Listening examination based on the initial two months' syllabus.

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्तशासी संस्था)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous Organization under Ministry of Education, Govt. of India)

2. संस्कृत/Sanskrit
   - **पाठ्यपुस्तक:** प्रारंभिक 03 पाठ
   - **व्यावहारिक भाषा:** संभाषण से संबंधित वाक्य-प्रयोग
   - **व्याकरण:-** व्याकरण संबंधी सामान्य प्रश्न
     - धातु-रूप
     - शब्द-रूप
3. अंग्रेजी (English)
   - Literature: First 2 Chapters
   - Grammar: Basic English Grammar
   - Revision: Important Questions related to Previous Class.
4. गणित (Mathematics)
   - **पाठ्यपुस्तक/Textbook:** प्रारंभिक 02 पाठ/Initial 2 Chapters.
5. विज्ञान (Science)
   - पाठ्यपुस्तक/ **Textbook:** प्रारंभिक 02 पाठ/Initial 2 Chapters.
6. इतिहास एवं भूगोल (History, Geography & Political Science/Civics)
   - पाठ्यपुस्तक/Textbook: क्रमश: प्रारंभिक 01-01 अध्याय/Initial Chapter 1 of each subject respectively.

(गणित एवं विज्ञान विषयों में दैनिक जीवन से संबंधित व्यावहारिक प्रश्न भी सम्मिलित किए जा सकेंगे।)/ Practical questions related to daily life may also be included in Mathematics and Science subjects

वेद विषय को छोड़कर अन्य समस्त विषयों की परीक्षाएँ लिखित रूप में आयोजित की जाएँगी। इस मध्य सत्रीय परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र प्रतिष्ठान द्वारा प्रदान किए जाएंगे ।/Examination of all subjects except Veda, will be conducted in Written mode. Question paper will be provided by Pratishthan for these mid-term examination.

उपर्युक्त से संबंधित समस्त वेद पाठशाला एवं गुरु शिष्य परंपरा इकाइयों के प्रबंधक/गुरु/अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है कि वे नियमित अध्यापन सुनिश्चित करें, जून, जुलाई एवं अगस्त तक पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करें तथा छात्रों को परीक्षाओं हेतु समुचित मार्गदर्शन प्रदान करें।/ The Heads/Guru/Teachers of the Veda Pathashala & Guru Shishya Parampara Units concerned are hereby directed to ensure regular teaching, complete the syllabus on time by June, July & August and provide proper guidance to the students for the examination.

25/6/2026

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि :

(1) श्री संजय श्रीवास्तव, सहायक निदेशक (शै) एवं श्री आकाश कुमार देवेश मिश्रा, सहायक निदेशक (परीक्षा) को सूचनार्थ ।

(2) समस्त राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

(3) प्रतिष्ठान से संबद्ध समस्त अनुदानित वेद पाठशाला एवं गुरु शिष्य परंपरा इकाइयों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।

(4) कार्यालय आदेश पत्रावली

(5) श्री श्रीकान्त चौबेजी। तत्काल इस पर कार्यवाही करें।

Tele : 0734-2502266, 2502254, 2502255 Fax : 0734-2502266
E-mail : msrvvpujn@gmail.com Website : msrvvp.ac.in